हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 7 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 पर्व में बुजुर्गों व युवाओं ने नगाड़ा बजाकर किया पारंपरिक ...



13 बालोद में ब्रह्माकुमारीज का होली मिलन...





## खबर संक्षेप

### गुण्डरदेही में हुआ ब्लॉक कांग्रेस का होली मिलन समारोह

**गुण्डरदेही।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही द्वारा 7 मार्च शनिवार को 10.30 बजे साहू सदन गुण्डरदेही में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। साथ ही एसआईआर प्रक्रिया संपन्न होने पश्चात अंतिम मतदाता सूची का समीक्षा किया जाएगा। समारोह में विधायक कुंवरसिंह निषाद विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कचरु राम साहू ने गुण्डरदेही ब्लॉक में निवासरत जिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस व अन्य प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण, समस्त मंडल, सेक्टर एवं बूथ के कार्यकर्ताओ को अधिक संख्या मे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की है।

### ढीमर परिवार को मिली सीएम श्रद्धांजलि योजना के तहत आर्थिक सहायता



**गुरूर।** पंचायत खुंदनी अंतर्गत ग्राम खुंदनी निवासी धनंजय ढीमर का आकस्मिक निधन पश्चात ग्राम पंचायत खुंदनी द्वारा सीएम श्रद्धांजलि योजना अंतर्गत 2000 आर्थिक सहयोग राशि उनके परिवार को प्रदान किया गया।इस दौरान सरपंच विशाल दीवान, पंच देवली बाई कतलाम एवं मृतक परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# बालोद में दो दिवसीय तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव, आदर्श सामूहिक विवाह व घर-वापसी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

तहसील साहू संघ बालोद द्वारा समाज में एकता, सांस्कृतिक जागरण एवं सामाजिक सुधार के उद्देश्य से 10 एवं 11 अप्रैल को ग्राम मेंढकी बघमरा जिला बालोद में दो दिवसीय तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव, आदर्श सामूहिक विवाह एवं घर–वापसी अभियान का आयोजन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव तथा विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू के शामिल होने की संभावना है।

## अप्रैल में भक्त माता कर्मा जयंती पर कलश यात्रा, पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे



### कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

तहसील साहू संघ बालोद के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन समाज में बढ़ती दहेज प्रथा, अनावश्यक खर्च और सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के संचालन हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। आयोजन समिति में संरक्षक धरम साहू, अध्यक्ष प्रेम साहू, प्रमुख सलाहकार रोहित अठनागर, उपाध्यक्ष जयंत साहू एवं चंद्रिका साहू, संयोजक न्याय प्रकोष्ठ निरंजन साहू, सचिव रघुनंदन गंगबोईर, कोषाध्यक्ष चुरामन साहू तथा संगठन सचिव छगन साहू एवं वीणा साहू शामिल हैं।

आयोजन के प्रथम दिवस 10 अप्रैल को भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर कलश यात्र, कर्मा पूजन, सामाजिक सम्मेलन, समाज के वर्तमान विषयों पर विचार गोष्ठी, अतिथियों का उद्बोधन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। द्वितीय दिवस 11 अप्रैल को दहेज मुक्त एवं सादगीपूर्ण आदर्श सामूह वैदिक रीति से सम्पन्न कराया जाएगा, जिसमें विवाह योग्य जोड़ों का सामाजिक आशीर्वाद के साथ विवाह संस्कार संपन्न होगा। इसी दिन स्वेच्छा से घर–वापसी कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें वैदिक पूजन के साथ समाज द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा।

## हादसा

### अचानक आग से दो मंजिला मकान, गाड़ी और फसल जलकर हुई बर्बाद

# गुंडरदेही आगजनी में खलिहान में रखे तीन ट्रैक्टर और 300 कट्टा धान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

गुण्डरदेही पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम खेरूद में एक किसान के ब्यारा में अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि इस आगजनी में करीब तीन सौ कट्टा धान, एक मारुति स्विफ्ट कार और तीन ट्रैक्टर जलकर खाक हो गया। साथ ही ब्यारा में निर्मित दो मंजिला मकान में भी आग लग गया। उक्त घटना गुरुवार रात्रि करीब 12 बजे की बताई जा रही है।

■ पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की, ग्रामीणों में असमंजस

आपको बता दें कि किसान राजेश यादव पिता शिवराम यादव जिनके स्वयं का 65 एकड़ खेत है, उनके ब्यारा में स्वयं का एक पक्का मकान है, जहां पर करीब तीन सौ कट्टा धान रखा हुआ था। जो आग में जलकर खाक हो गया।





उक्त घटना में किसान को काफी का नुकसान हुआ है, किसान शासन प्रशासन से उक्त घटना की निष्पक्ष जांच और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। वहीं घटना के बाद गुण्डरदेही पुलिस की टीम कैमरे के आधार पर जांच कर रही है। फिलहाल बहुत लंबी क्षति किसान को हुआ है। आपको बता दें कि तीन टैक्टर जलकर राख हो गया है। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि आग कैसे लगा है, कोई बदमाशी से आग लगा दिया या फिर आपसी रंजीश के चलते आग लगाई गई है।

### निगरानी में लगे सिपाही

वर्तमान में गुण्डरदेही थाना प्रभारी नवीन कुमार बोरकर ने घटना स्थल का निरीक्षण कर लिए हैं। वर्तमान में पुलिस आरक्षक भी अभी निगरानी में लगे हुए हैं। ग्रामीण भी इस घटना को कई तरह की सोच विचार रहे हैं। इस घटना को लेकर ग्रामीण भी असमंजस की स्थिति में घटना हुई है या घटना जानबूझकर किए हैं। पूरी घटना जांच के बाद सामने आएंगे।

# गौठान फेंसिंग की जाली चुराते ग्रामीणों ने वाहन को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसूमकसा

क्षेत्र के ग्राम पंचायत पथराटोला में गौठान (चारागाह स्थल) से फेंसिंग जाली, प्रोफाइल शीट और लोहे के एंगल चोरी कर ले जा रहे एक बोलेरो वाहन को ग्रामीणों ने देर रात घेराबंदी कर पकड़ लिया। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर चालक और उसके साथी मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने वाहन को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कर जांच शुरू कर दी है।

■ अंधेरे का फायदा उठाकर चालक सहित आरोपी मौके से फरार

पथराटोला निवासी मनोज कुमार रावते ने राजहरा थाना मे 2 मार्च की रात्रि मे फेसिन्ग जाली एक बंडल,एक प्रोफाइल शीट,5 नग एंगल,6 पाइप बोलोरो वाहन मे चोरी कर ले जाते वाहन सहित पकड़े जाने की प्राथमिकी दर्ज की हुई है, पुलिस विभाग ▶▶ शेष पेज 12 पर



### चोरो के हौसले हैं बुलंद

दिये गये उक्त पत्र पर किसी तरह की राजहरा थाना मे कार्यवाही नही किये जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंडी द्वारा पुन थाना प्रभारी थाना राजहरा को दिनांक 18-2-2026 को पत्र क्रमांक 999 भेजकर पूर्व मे दिये गये पत्र का हवाला देते हुए दर्ज प्राथमिकी के संबंध मे कि गयी कार्यवाही अवगत कराने कहा गया , साथ ही पत्र मे उक्त चोरी का प्रकरण महात्मा गाँधी नरेगा अंतर्गत सामाजिक अंकेछन के तहत आनलाइन पोर्टल मे दर्ज है जिसमे संदर्भित पत्र 02 के माध्यम से उक्त प्रकरण पर प्राथमिकी दर्ज करने लेख ▶▶ शेष पेज 12 पर




## खबर संक्षेप

### संभाग स्तरीय सुनवाई 11 मार्च को दुर्ग में

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित दुर्ग संभाग, जिला-दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अं. चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.) से प्राप्त प्रकरणों की एक साथ सुनवाई 11 मार्च 2026 को आयोग की गठित न्यायपीठ अध्यक्ष डॉ श्रीमती किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती ओजस्वी मण्डावी एवं श्रीमती लक्ष्मी वर्मा द्वारा की जाएगी। यह सुनवाई प्रेरणा सभा कक्ष बालगृह परिसर, 5 बिल्डिंग, महिला बाल विकास कार्यालय दुर्ग में प्रातः 11.00 बजे से शुरू होगी।

### लू से बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी

**कवर्धा।** जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे ने जिलेवासियों से भीषण गर्मी के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में तापमान बढने के साथ ही लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। मौसम में बदलाव के बाद अब तेज धूप और गर्मी का प्रभाव बढने लगा है, जिससे नागरिकों को लू लगने की आशंका रहती है। डॉ. तुर्रे ने बताया कि सूर्य की तेज गर्मी का शरीर पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इससे शरीर का तापमान असामान्य रूप से बढ़ जाता है और शरीर में पानी तथा खनिज लवण (नमक) की कमी हो जाती है। इस स्थिति को लू लगना या हीट-स्ट्रोक कहा जाता है।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत, कई घायल

**कोदवागोडान/कोलेगांव।** होली त्यौहार की धमाचौकड़ी के बीच जिले के अलग-अलग ईलाकों से कई छोटी-बड़ी सड़क दुर्घनाओं की खबरें सामने आई हैं। जिसमें तीन लोगों की मौत तथा कई लोगों के घायल होने जानकारी मिली है। कोदवा-पंडरिया मार्ग पर कुल्ही डोंगरी और बिरैनबाह के बीच बीती रात हुए एक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान छिरहा कुल्ही डोंगरी निवासी रैतू धुर्वे पिता इतवारी धुर्वे के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का प्रतीत हो रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में होली त्यौहार के चलते शराब के सेवन और जश्न का दौर चल रहा था। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात करीब 7 से 8 बजे के बीच रैतू अपनी सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल से कोदवा गोडान की ओर से अपने गांव लौट रहा था। स्थानीय लोगों की आशंका है कि वह नशे की हालत में था और बाइक की रफ्तार काफी अधिक थी। इसी दौरान सड़क किनारे स्थित परसा (पलाश) के झाड़ से मोटरसाइकिल सीधे जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह राहगीरों ने देखा शव हादसा रात के अंधेरे में हुआ, इसलिए किसी को तुरंत इसकी भनक नहीं लगी। शुक्रवार सुबह जब ग्रामीण रास्ते से गुजरे, तो उन्होंने सड़क किनारे युवक का शव और क्षतिग्रस्त बाइक देखी। घटना की सूचना मिलते ही कुकदूर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, जहां पेड़ पर टकराने के गहरे निशान और मृतक के चेहरे पर गंभीर चोटें पाई गईं।

# बालोद की रोहनी पटेल ने महतारी वंदन योजना से बनाया स्वावलंबन का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के ग्राम खैरडीह की रोहनी का संघर्ष भरा कदम महतारी वंदन योजना से अब स्वावलंबन की ओर बढ़ चुका है। रोहनी पटेल का जीवन संघर्षपूर्ण रहा है। पति की असमय मृत्यु ने न केवल उन्हें मानसिक रूप से कमजोर कर दिया, बल्कि परिवार पर आर्थिक संकट के बादल भी गहरा दिए। रोहनी के कंधों पर वृद्ध सास की देखभाल और कॉलेज में पढ़ रहे दो बच्चों के भविष्य की महती जिम्मेदारी थी। सीमित संसाधनों और आय का कोई स्थाई जरिया न होने के कारण परिवार का भरण–पोषण एक बड़ी चुनौती बन गया था। विपरीत परिस्थितियों में भी हिम्मत न हारने वाली

## पति की मृत्यु और आर्थिक संकट के बीच रोहनी ने संभाली परिवार की जिम्मेदारी



### महतारी वंदन योजना के जरिए महिलाएं हो रहीं है सशक्त

आज रोहनी पटेल न केवल अपने खेत में सब्जियां उगा रही हैं, बल्कि आसपास के ग्रामीण बाजारों में उन्हें बेचकर एक नियमित और सम्मानजनक आय अर्जित कर रही हैं। अब वे सब्जी विक्रय से प्राप्त आय से अपने परिवार की दैनिक जरूरतों को आसानी से पूरा कर रही हैं। कॉलेज जा रहे उनके बच्चों की शिक्षा निर्बाध रूप से जारी है और वे अपनी वृद्ध सास की उचित सेवा कर पा रही हैं। महतारी वंदन योजना ने उन्हें उद्यमी बना दिया है, जिससे वे समाज में आत्मसम्मान के साथ जीवन जी रही हैं। महतारी वंदन योजना आज छत्तीसगढ़ की लाखों महिलाओं के लिए केवल एक वित्तीय योजना नहीं, बल्कि उनके सशक्तिकरण और सफलता का आधार स्तंभ बन चुकी है।

रोहनी के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में 'महतारी वंदन योजना' एक वरदान बनकर आई। एकीकृत बाल विकास परियोजना देवरी के माध्यम से उन्होंने योजना का लाभ लेना शुरू किया। हर माह मिलने वाली 01 हजार रुपये की सहायता राशि ने उनके भीतर आत्मविश्वास जगाया। रोहनी ने इस राशि को केवल घरेलू खर्चों में व्यय करने के बजाय इसे भविष्य के निवेश के रूप में देखा। उन्होंने 6–7 महीनों तक प्राप्त हुई किस्तों को संकलित किया और उस संचित पूंजी से अपने खेत में सब्जी उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया। बीज, खाद और आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था कर उन्होंने कड़ी मेहनत की, जिसका परिणाम आज सबके सामने है।

### ओपीडी, वार्ड और आपातकालीन कक्ष का निरीक्षण, उपकरण और सुविधाओं का अवलोकन

# संभागायुक्त ने जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

संभाग आयुक्त दुर्ग एसएन राठौर ने जिला चिकित्सालय बालोद का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का पड़ताल किया। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों एवं कक्षों में पहुँचकर व्यवस्थाओं का पड़ताल किया।

- मरीजों से संवाद और अधिकारियों को निर्देश, प्रतीक्षालय व कैंटिन निर्माण की हिदायत

इस मौके पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, एसडीएम नूतन कंवर, मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरके श्रीमाली सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इस दौरान संभागायुक्त ने जिला चिकित्सालय के ओपीडी एवं सामान्य रोगी कक्ष, नाक, कान एवं गला रोग विभाग, आपातकालीन कक्ष, पुरूष एवं महिला मेडिकल वार्ड आदि विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। राठौर ने नाक, कान एवं गला विभाग के ओपीडी में पहुँचकर मौके पर





उपस्थित चिकित्सकों से मरीजों की जांच हेतु उपकरणों की समुचित उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। संभागायुक्त ने पुरूष मेडिकल वार्ड में पहुँचकर वार्ड में भतएँ मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। राठौर ने पुरूष वार्ड में भतएँ मरीज निर्मल से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों तथा अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

### मरीजों से आत्मीय व्यवहार करने की दी समझाईश

उन्होंने चिकित्सकों एवं अस्पताल के अधिकारी–कर्मचारियों को मरीजों का समुचित इलाज करने के अलावा उनके साथ मधुर एवं आत्मीय व्यवहार करने की भी समझाईश दी। संभागायुक्त ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को जिला चिकित्सालय परिसर में प्रतीक्षालय एवं कैंटिन निर्माण करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज का हुआ चुनाव, नई कार्यकारिणी निर्वाचित



**गुण्डरदेही।** शुक्रवार को आदिवासी धुरव गोड समाज परिक्षेत्र भाठागांव आर का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष दुलार सिंह मंडावी, उपाध्यक्ष जगन्नाथ मंडावी, कोषाध्यक्ष गुरुदयाल सिंह पदाम, सचिव नरसिंह मरकाम, प्रवक्ता नंदकिशोर नेताम, संरक्षक लालजी मरकाम, डीएल धुरवे, सलाहकार पारस नेताम पद पर आदिवासी धुरव गोड समाज परिक्षेत्र भाठागांव आर के सभा कक्ष में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा समाज को नई दिशा प्रदान करने हेतू सर्वसम्मति से चुनाव किया गया।

### होली पर धमाल...



**कवर्धा।** अंचल में रंगों के पर्व होली की रही धूम, पर्व को लेकर बच्चों में दिखा भारी उत्साह।

# प्रशासन तय करें, परीक्षा की तैयारी जरूरी या प्रशिक्षण

## टीचर्स एसोसिएशन ने की प्रशिक्षण स्थगित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित कर विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा के ठीक पहले पंडरिया ब्लॉक में आयोजित किए जा रहे पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण को तत्काल स्थगित करने की मांग किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि हमें शिक्षक प्रशिक्षण से कोई आपत्ति नहीं है। हमारा आपत्ति प्रशिक्षण के समय को लेकर है। लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा जारी पत्र के अनुसार आगामी 17 मार्च से आठवीं का वार्षिक परीक्षा प्रारम्भ होने जा रहा है। ऐसे समय में विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए शिक्षकों को विद्यालय में होना आवश्यक है, लेकिन पंडरिया ब्लॉक में सामाजिक विज्ञान व विज्ञान विषय के 111 शिक्षकों का पांच से नौ मार्च तक पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ कर दिया गया है, जो उचित नहीं है। वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 में





मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन परीक्षा के ठीक पहले शिक्षक प्रशिक्षण से प्रतीत होता है कि कुछ अधिकारियों को मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान से कोई लेना-देना नहीं है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल, रविन्द्र चन्द्रवंशी, देवानंद चन्द्रवंशी, जयप्रकाश चन्द्रवंशी आदि पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान तथा विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा की तैयारी को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षक प्रशिक्षण को तत्काल स्थगित करने की मांग किया है।

### सत्र समाप्ति के समय प्रशिक्षण क्यों?

शिक्षा सत्र का प्रारंभ 16 जून से होता है। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि जुलाई से लेकर जनवरी तक की अवधि में शिक्षक प्रशिक्षण क्यों नहीं किया गया। लगभग सत्र समाप्ति के समय ठीक वार्षिक परीक्षा के पहले ही प्रशिक्षण का आयोजन क्यों किया जा रहा है।

### 17 मार्च से होगा वार्षिक परीक्षा

लोक शिक्षण संचालनालय ने आठवीं की वार्षिक परीक्षा की तिथि 17 मार्च से तय किया है। साथ ही मिडिल स्कूलों में छठवीं व सातवीं की स्थानीय परीक्षा आगामी 25 मार्च से 10 अप्रैल तक सम्पन्न करने का निर्देश दिया है। इसके बावजूद मिडिल स्कूल के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित करना कई प्रश्न खड़े करते हैं।

### नए शिक्षा सत्र में हो शिक्षक प्रशिक्षण

टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक शिक्षा सत्र में प्रशिक्षण के लिए जुलाई से जनवरी तक का समय उचित होता है। अतः शिक्षक प्रशिक्षण को नए शिक्षा सत्र 2026-27 में आयोजित किया जावे।

# हर्षोल्लास से मनाया गया रंगों का पर्व, सुबह से लेकर देरशाम तक रंग-गुलाल में डूबते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

परम्परागत ढंग से बीते सोमवार को होलिका दहन के बाद बुधवार को रंगोत्सव का पर्व गुदगुदी भरी मस्ती के बीच नगर सहित समूचे अंचल में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से शाम तक समूचे शहर में रंग गुलाल घुलता रहा और लोग एक दूसरे को पर्व की बधाई देते हुए उसमे डूबते रहे। त्यौहार के मद्दे नजर पुलिस प्रशासन द्वारा की गई तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते शहर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटने की खबर नहीं मिली है। होली पर्व को लेकर वैसे तो सभी वर्ग के लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। नगर के सभी मुहल्लों, चौक चौराहों, गली कूंचों में होलियारों के छोटे-बड़े अलमस्त जत्थे सबेरे से ही रंग, गुलाल और पिचकारियां लेकर निकल पड़े थे। जान, पाहचान, दोस्त, यार, बंधु, बांधव को देखकर होली है, का तेज राग अलापते हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल से सराबोर कर देते थे और गले लगाकर बधाई देते थे। ऐसे मेल मुलाकात के अवसर पर धमाल मचाने वाले बच्चे पिचकारी से रंगो की बौछार कर होली की मस्ती और दोगुनी कर देते थे। अधिकांश युवक इस मस्ती के मौके पर विभिन्न स्वांग रचकर अद्भुत टोपियों व अन्य चीजें पहनकर धमा चोकड़ी मचाते रहे। युवाओं की टोलियां नवीन बाजार चौक, शीतला मंदिर चौक, राजमहल चौक, वीरस्तम्भ चौक, आजाद चौक, महावीर चौक, ऋषभ देव चौक, इंदिरा चौक, ठाकुर पारा चौक, दर्री पारा चौक आदि स्थानों रपर सक्रिय रहीं और होली का छककर मजा उठाया। होलियारों की हुड़दंग शाम होने के पहले तक चलती रही। लाल, हरा, पीला रंग, पिचकारियों में भरकर बौछारें की जाती रही जबकि कई जगहों पर बालटियों और बर्तनो से रंग उड़ेले गए। इस बीच जहां भी बड़े बुजुर्ग नजर आते वहां उन्हें रोक कर, पैर छूकर लोगों ने आशिर्वाद लिया। कई स्थानों में पिछले कुछ वर्षो से मनाई जाने वाली कपड़ा फाड़ होली की हुड़दंग भी देखने को मिली। स्थानीय लोहारा नाका में कपड़ा फाड़ होली घंटो तक चलती रही। इस बीच युवाओं की टोली एक दूसरे के कपड़े फाड़ते और उन्हें हवा में उछालते हुए नजर आई। कपड़ा फटने के बाद युवक एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई देते दिखे। कुल मिलाकर कवर्धा सहित समूचे अंचल में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## नगर पंचायत पाण्डातराई द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

नगर के प्रमुख स्थान बाजार पारा वार्ड क्रमांक 11 में आंगनवाड़ी भवन के पास निकाय द्वारा टीम गठित कर अतिक्रमण पर कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही के तहत शासकीय भूमि पर अवैध रूप से निर्मित भवन, दुकानों, ठेले के रूप में संचालित दुकानों को हटाने का कार्य किया गया एवं भविष्य में अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी अतिक्रमणकारियों को दी गई है। इस कार्यवाही में तहसीलदार पंडरिया संजय मोदय, नगर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अभिषेक सिंह एवं पुलिस बल सहित नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

## आरटीई प्रतिपूर्ति राशि बढ़ने को लेकर निजी स्कूलों ने शुरू किया असहयोग आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शिक्षा के अधिकार कानून (आरटीई) के तहत दी जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि बढ़ने तक छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने असहयोग आंदोलन का ऐलान कर दिया है।

इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा जिला कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि गत 13 वर्षों से शिक्षा के अधिकार कानून के तहत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निजी स्कूलों को दी जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि को नहीं बढाने को लेकर माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर की गई थी। याचिका क्रमांक डब्ल्यूपीसी 4988 /2025 के आदेश दिनांक 19 सितम्बर 2025 में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने अपने अंतिम आदेश में 6 माह के भीतर मांगों पर निर्णय लेने के लिए कहा है।

### आवास हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराने दिए निर्देश

# प्रधानमंत्री आवास को गुणवत्ता के साथ करवाएं पूर्णः जिपं सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत बनने वाले घरों की गुणवत्ता उत्तम हो। समय पर निर्माण कार्य पूरा करने हितग्राहियों को प्रोत्साहित करते हुए आवास निर्माण में लापरवाही बरतने एवं अनियमितता की शिकायत पर जांच उपरांत दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल द्वारा आवास योजना की समीक्षा बैठक के दौरान मैदानी कर्मचारियों को दिए। बैठक में उपस्थित सीईओ जनपद पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यक्रम अधिकारी, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सचिव,रोजगार सहायक एवं आवास मित्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं प्रधानमंत्री जनमन आवास शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। प्रदेश में सर्वाधिक





जनमन आवास का निर्माण कबीरधाम जिले के विकासखंड बोड़ला एवं पंडरिया में कराया जा रहा है। समीक्षा बैठक के दौरान सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने निर्देश देते हुए आगे कहा कि आवास निर्माण में अनियमितता की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और आवश्यकता अनुसार संबंधितों के विरुद्ध थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। सीईओ जिला पंचायत ने बोड़ला एवं पंडरिया क्षेत्र के जनमन आवास की ग्राम पंचायत वार समीक्षा कर निर्माण कार्य को जल्दी पूरा करने के निर्देश दिए। आवास निर्माण के लिए रेती,गिट्टी,सीमेंट सेंट्रिंग प्लेट जैसे मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति डीलर दीदी के द्वारा कराए जाने के भी निर्देश दिए गए। इस कार्य से बिहान योजना के महिला समूह की आजीविका गतिविधियां संचालित होगी और स्थानीय स्तर पर आवास योजना के हितग्राहियों को कम दर पर निर्माण सामग्री प्राप्त होने की बात कही। उल्लेखनीय है कि नवनियुक्त सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने रानी दुर्गावती चौक स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के सभा कक्ष में जिले के सभी ग्राम पंचायतो के मैदानी कर्मचारियों की दो पाली में समीक्षा बैठक आहूत कर चल रहे निर्माण कार्यों की ग्राम पंचायत वॉर जानकारी प्राप्त की। आवास निर्माण के ऐसे हितग्राही जिन्हें प्रथम किस्त की राशि मिलने के बाद भी लंबे समय से आवास का निर्माण प्रारंभ नही कर रहे है उनसे राशि वसूली के निर्देश जनपद पंचायत को दिए गए।

## महतारी वंदन योजना की 25वीं किश्त 8 मार्च को होगी जारी

**कवर्धा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय महतारी वंदन योजना की 25वीं किश्त की राशि का अंतरण करेंगे। बस्तर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा प्रदेश की महिलाओं से संवाद भी करेंगे। इस अवसर पर कबीरधाम जिले में भी व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले के कुल 9 स्थानों पर महतारी वंदन योजना के हितग्राही महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कवर्धा के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य रूप में शामिल होंगे।

पेज 11 का शेष

### गौठान से फेंसिंग की जाली ...

द्वारा पतासाजी की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि गौठान की एक ओर की जालियां पहले भी चोरी हो चुकी हैं , तदसमय बचा हुआ फेसिन्ग तार एंगल,पर को गोठान परिसर मे रखा गया था संभावना जताई जा रही है कि पूर्व की घटना में भी इन्हीं व्यक्तियों का हाथ हो सकता है। महत्वपूर्ण तथ्य यह पूरी घटना एक ग्रामीण के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में बोलेरो वाहन और संदिग्ध गतिविधियां स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। पुलिस अब फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी हुई है। फिलहाल पुलिस ने वाहन जब्त कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों में घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है और वे आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं, क्योकि लगभग 16 महीने पूर्व फेंसिंग जाली एंगल की अज्ञात चोरो द्वारा की गयी चोरी का आज पर्यंत तक पता नही चल पाया है। गौरतलब है की उक्त गोठान चारागाह स्थल मे लगे फेसिन्ग जाली, एवम् एंगल (लगभग 655 मीटर जाली, 255 नग एंगल) को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी करने की लिखित शिकायत 6-11-24 व 18-11-24 को सचिव ग्राम पंचायत पथराटोला द्वारा राजहरा थाना मे की गयी थी, राजहरा थाना मे प्राथमिकी दर्ज ना होने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंडी द्वारा थाना प्रभारी थाना राजहरा को पत्र क्रमांक 78 दिनांक 18-11-24 से सचिव ग्राम पंचायत पथराटोला के द्वारा 6-11-24 व 18-11-24 को दिये गए सूचना के संदर्भ मे किसी प्रकार की कार्यवाही नही किये जाने उल्लेख करते हुए उक्त चोरी के संबंध में अज्ञात व्यक्ति के प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही कर अवगत कराने का उल्लेख था।

### चोरो के ...

किया गया है, अतः उक्त संबंध मे की गयी कार्यवाही से तत्काल इस कार्यालय को अवगत कराये ताकि आनलाइन मे दर्ज प्रकरण पर निराकरण की कार्यवाही किया जाए किंतु राजहरा थाना मे दिये गए आवेदनों पर किया कार्यवाही हुई है या नही जानकारी नही मिल पायी है ग्रामीणो ने पूर्व मे शासकीय संपत्ति के चोरी की शिकायत के बाद भी पुलिस विभाग द्वारा कार्यवाही ना करने से चोरो के हौसले बुलंद है।

## खबर संक्षेप



### चिंगरी में श्रीभागवत कथा का शुभारंभ

**अंडा।** दुर्ग जिले के ग्राम चिंगरी में गुरुवार को श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गांव की महिलाओं और युवतियों ने सिर पर कलश धारण कर पूरे गांव में श्रद्धा और भक्ति के साथ यात्रा निकाली। इस दौरान भगवान के जयकारों और भजन-कीर्तन से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा के साथ ही श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा का वाचन प्रवचनकर्ता पं. भूपेंद्र पाण्डेय महाराज (गुंडरदेही, जिला बालोद) द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु शामिल हुए और कथा श्रवण कर धर्म लाभ लिया। आयोजन समिति के अनुसार यह कथा 5 मार्च से 13 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से पंचायत भवन के पास आयोजित की जा रही है। कथा के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने का आग्रह किया गया है। यह आयोजन नवनीत महिला मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासी चिंगरी के सहयोग से किया जा रहा है।

### संजारी में कामता प्रसाद शरण का संकीर्तन 12 को

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड अतर्गत ग्राम संजारी में जय गुरूदेव संकीर्तन मानस परिवार कुड़ेरादादर द्वारा व्याख्याकार कामता प्रसाद शरण का भव्य संकीर्तन 12 मार्च 2026 को रखा गया है, कार्यक्रम का समय रात्रि 8 बजे निर्धारित है, कार्यक्रम के आयोजक रामलाल सोनकर, कुंवर सिंह सोनकर, किसुन सोनकर, कुंती सोनकर, चांदनी सोनकर, शोभा सोनकर हैं।

### अंडी में 8 से 16 मार्च तक चलेगा संगीतमय देवी भागवत महापुराण एवं नवाह यज्ञ

**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम अंडी में 8 मार्च से 16 मार्च तक संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण एवं नवाह यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासी एवं जय मां शीतला समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक कथा प्रवाह होगा। कथा वाचन आचार्य विनोद तिवारी जी महाराज (उत्तराखंड वाले) के मुखारविंद से किया जाएगा। 8 मार्च रविवार को कलश यात्रा, मंडप पूजन एवं देवी महात्म्य कथा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। आगामी दिनों में विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा, जिसमें केटभ वध, राजा हरिश्चंद्र प्रसंग, नर-नारायण कथा, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, महिषासुर वध, रक्तबीज वध, देवताओं का स्तुति प्रसंग, वामन अवतार, सुदामा चरित्र सहित अन्य पावन कथाएं शामिल हैं। 16 मार्च को पूर्णाहुति, हवन, कन्या पूजन एवं भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजक समिति ने समस्त श्रद्धालुजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

**पर्व : 7 मार्च को साहू सदन में आयोजित होगा होली मिलन, विधायक कुंवरसिंह निषाद विशेष अतिथि**

# धूमधाम से मना रंगोत्सव, पुलिस की रही चाक-चौबंद व्यवस्था







हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का त्योहार होली बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी रंग-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की बधाई देते नजर आए। नगर के विभिन्न चौक-चौराहों और मोहल्लों में लोगों ने समूह बनाकर रंगोत्सव का आनंद लिया।

- एसआईआर प्रक्रिया के बाद अंतिम मतदाता सूची की समीक्षा की जाएगी

इस वर्ष होली के अवसर पर पारंपरिक नगाड़ों की धुन कम और डीजे की धुन पर युवाओं का उत्साह अधिक देखने को मिला। जगह-जगह डीजे की मधुर धुनों पर युवा जमकर थिरकते नजर आए। रंग-गुलाल के साथ संगीत और नृत्य का माहौल पूरे नगर में उत्सव जैसा बना रहा। कई स्थानों पर युवाओं ने टोली बनाकर होली गीतों पर नाचते-गाते हुए लोगों के साथ खुशियां बांटी। त्योहार के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर पुलिस द्वारा विशेष व्यवस्था की गई थी। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर के प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग की। पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च और निगरानी के कारण पूरे दिन स्थिति नियंत्रण में रही और लोगों ने सुरक्षित वातावरण में होली का आनंद लिया।

### शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनी होली

होली के दौरान कुछ स्थानों पर मामूली छिटपुट घटनाओं की जानकारी मिली, लेकिन किसी भी प्रकार की बड़ी या अप्रिय घटना सामने नहीं आई। प्रशासन और पुलिस की सतर्कता तथा नागरिकों के सहयोग से त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। नगर के गणमान्य नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने भी लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए शांति और प्रेम के साथ होली मनाने की अपील की थी। इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिला और पूरे नगर में भाईचारे तथा उत्साह का माहौल बना रहा। इस प्रकार रंगों का यह पर्व नगरवासियों के लिए खुशियां और उमंग लेकर आया।

## संगीता ने सुख आश्रय वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाई होली





**बालोद।** संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा बालोद जिला मुख्यालय में स्थित सुख आश्रय वृद्धा आश्रम के बुजुर्ग माता पिता के बीच पहुँचकर होली मनाई। इस दौरान बुजुर्गों के साथ गुलाल लगाकर रंगोत्सव मनाया, उसके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके साथ समय व्यतीत किया। आगे आश्रम में विधायक जी के अटूट और मजबूत रिश्ते के बीच फाग के राग रंग में होली का उत्सव मनाते हुए आश्रम के सभी बुजुर्ग माता पिताओं ने अपने दुखो को भूलकर विधायक के साथ जमकर होली खेली। विधायक ने कहा आश्रम में मेरा होली मनाने का उद्देश्य बेसहारा और एकाकी जीवन जी रहे बुजुर्गों के जीवन मे खुशियां लाना था।



## शिक्षक ने बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला झोफरा में सहायक शिक्षक भोलेश कुमार महतो ने अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य ने न्योता भोज का आयोजन किया। न्योता भोज के पश्चात बच्चों ने रंग गुलाल से स्कूल परिसर में होली खेली।



**आत्मज्ञान भवन आमापारा में बड़ी संख्या में बीके भाई-बहन हुए उपस्थित**

# बालोद में ब्रह्माकुमारीज का होली मिलन आध्यात्मिक संदेश के साथ मना रंगोत्सव

**बालोद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में सोमवार को होली मिलन कार्यक्रम आयोजन किया गया। आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बीके. भाई, बहन उपस्थित थे। ब्रह्माकुमारीज की मुख्य संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने सभी को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने होली का आध्यात्मिक महत्व को बताते हुए कहा 'होली' का अर्थ है, जो हो गया। अक्सर मनुष्य पुरानी बातों, दुःखो और कड़वी यादों को पकड़कर बैठा रहता है, जिससे उसका वर्तमान बोझिल हो जाता है। परमात्मा हमें संदेश देते है कि जो बीत गया उसे भुला देना ही सच्ची होली है। जब हम पुरानी बातों को विदा कर देते है, तभी हमारे जीवन में नयी उमंग का प्रवेश होता है।

- बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने होली का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए दिया मार्गदर्शन





**ईर्ष्या को 'ज्ञान की अग्नि' में भस्म करना है होली का उद्देश्यः** परमात्मा हमें सिखाते है कि जैसे वो हमारे अपराधों को क्षमा कर हमें अपनाते है, वैसे ही हमें भी सबको अपनाना चाहिए। 'होलिका दहन' का अर्थ केवल लकड़ियों को जलाना नहीं, बल्कि अपने भीतर में क्रोध, अहंकार और ईर्ष्या को 'ज्ञान की अग्नि' में भस्म करना है। अपनी कमियों की आहुति देना ही परमात्मा के प्रति सच्ची निष्ठा है।

इस वर्ष की होली को केवल पानी और रंगो तक सीमित न रखें। आइए संकल्प लें मन की सफाईः बाहर की सफाई के साथ–साथ मन के कोने कोने से द्वेष को साफ करें। मधुर वाणी अपनी वाणी में प्रेम का रंग घोलें ताकि सुनने वाले को सुख मिले। क्षमा का उपहार जिससे मन, मुटाव हो, उसे दिल से माफ कर भाईचारे का संदेश फैलाएं।

### भाठागांव आर में भारत जी राम जी के कार्य दिवस पर मना रंगोत्सव



**गुण्डरदेही।** ग्रापं भाठागांव आर में विकसित भारत जी राम जी की कार्य दिवस के अवसर पर रंग उत्सव एवं जी राम जी के कार्यों की विस्तृत जानकारी ग्रामवासियों को दी गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों को शासन की योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष लेखराम साहू, जिला भाजपा बालोद कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, सभापति गुण्डरदेही हेमलता देशलहरा, सरपंच भाठागांव आर रूपेश्वर कुमार यादव, रोजगार सहायक गुरुदयाल ठाकुर, पंच यशवंत मेश्राम, धनेश्वरी ठाकुर, देवला धुरव, मंजू ठाकुर, खेदिया यादव, नागेश्वरी साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर वेद प्रसाद साहू, मेट राजेंद्र देवांगन, रोहित यादव, ललिता देवांगन व समस्त मजदुर उपस्थित थे।

# बोर्ड परीक्षा 2026ः उड़नदस्ता दल ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

**बालोद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल मुख्य परीक्षा 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

जिसके अंतर्गत परीक्षा केंद्र शासकीय बुनियादी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद पाररास, शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय बालोद, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय लाटाबोड़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसी भी परीक्षा केंद्र में नकल का कोई प्रकरण नहीं पाया गया। सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित होती पाई गई। जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल में जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, सहायक परियोजना समन्वयक लेख राम साहू, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी उमा ठाकुर बालोद, जिला खेल समन्वयक सपन जेना, व्यायाम शिक्षक सुरेश शांडिल्य एवं व्यायाम शिक्षक आदिला खान शामिल थे।



### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होगी जिला स्तरीय महिला खेलकूद स्पर्धा

**बालोद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बालिकाओं, महिलाओं को खेलों के प्रति उत्साहित एवं बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय महिला खेलकुद प्रतियोगिता वर्ष 2025–26 का आयोजन 8 मार्च को जिला मुख्यालय स्थित स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद एवं अन्य निर्धारित स्थलों पर किया जाएगा।

- बालिकाओं और महिलाओं को खेलों में बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित प्रतियोगिता

अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि जिला स्तरीय महिला खेलकुद प्रतियोगिता में विकासखण्ड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता में चयनित बालिका, महिला प्रतिभागी आयुवार एवं खेलविधावार शामिल होंगें। जिसके अंतर्गत एथलेटिक्स 100 मी. 400 मी. दौड़, तवा फेंक, खो–खो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबाल, कुश्ती, बास्केटबाल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी खेल शामिल है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम स्तर विकासखण्ड स्तर से 09–18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष तक 02 आयुवर्ग में चयनित बालिका, महिला प्रतिभागी जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता में भाग लेने की पात्र होंगी। जिला स्तर पर भाग लेने वाले खिलाड़ियों की जानकारी निर्धारित पंजीयन प्रपत्र में प्राप्त की जाएगी। उन्होंने चयनित बालिका, महिला खिलाड़ी, प्रतिभागी को जिला स्तर महिला खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2025–26 के आयोजन की तिथि 08 मार्च को सुबह 10 बजे से निर्धारित तिथि, स्थान, समय में विकासखण्ड महिला खेलकूद प्रभारी के माध्यम से उपस्थित होने कहा है।

# मनरेगा मेंट संघ डौंडीलोहारा की हुई मासिक बैठक, होली मिलन 8 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

मनरेगा मेंट संघ डौंडीलोहारा की मासिक बैठक मां दंतेश्वरी प्रांगण में संघ के अध्यक्ष भूषण बांसुरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शासन-प्रशासन की विभिन्न योजनाओं तथा संगठन को मजबूत बनाने के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान मेंट साथियों को संघ के साथ जुड़कर सत्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करने तथा संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मनरेगा मेंट संघ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन 8 मार्च रविवार को ग्राम पंचायत खामतराई में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत खामतराई की सरपंच नेमीन बाई साहू उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेंट संघ डौंडीलोहारा के अध्यक्ष भूषण बांसुरिया करेंगे।

- संगठन को सक्रिय बनाने और शासन-प्रशासन की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा

### कार्यक्रम में ये रहेंगे उपस्थित

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम प्रमुख हीरामन साहू, जनपद सदस्य चित्ररेखा साहू, उपसरपंच दिलीप साहू, साहू समाज खामतराई के अध्यक्ष सुकलू राम साहू, ब्लॉक मेंट संघ के सलाहकार विष्णु कोठारी, प्रदेश संचालक कीर्तन राम देवांगन, संभागीय अध्यक्ष धनेश्वरी साहू (दुर्ग), पूर्व संरक्षक विक्रम साहू, जिला अध्यक्ष खिलावन साहू, जिला उपाध्यक्ष तीरथ राम साहू, जिला सचिव प्रीतम साहू, जिला सदस्य लता सिन्हा, रोजगार सहायक मानिक दास तथा ग्राम पंचायत खामतराई के सचिव लेखराम भुआर्य सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे।



बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष भूषण बांसुरिया, उपाध्यक्ष अमीरदास कृषाणें, सचिव प्रेरमुराम नायक, संरक्षक कीर्तन देवांगन, सलाहकार विष्णु कोठारी, संतलाल साहू, पुरंजन साहू, सुमन केशरवानी, पुनित, ओमशंकर सहारे, योगेश तारम, मुकेश धनकर, महेंद्र कुमार, सोहनलाल कोकिला, खूमेश्वरी साहू, संतोष कुमार ठाकुर, नेहरू कोसमा सहित अन्य मेंट साथी उपस्थित रहे।

**योगाचार्य तीरथ कुमार अटल ने कराया प्राणायाम और विभिन्न योगासनों का अभ्यास**

# संबलपुर स्कूल में बैगलेस डे पर हुआ संगीतमय योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला संबलपुर में बैगलेस डे के अवसर पर एक दिवसीय संगीतमय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योगाचार्य तीरथ कुमार अटल द्वारा बच्चों को निःशुल्क योग प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश ग्रहण किया।

कार्यक्रम में संकुल समन्वयक टोमन मालेकर, प्रधान पाठक खेमन साहू तथा विद्यालय के शिक्षक चुन्नीलाल नेताम, डोमेंद्र साहू, हेमेंद्र साहू, श्रीमती ललिता चौधरी और अनुपमा देशमुख उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने योगाभ्यास में भाग लेकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। योगाचार्य तीरथ कुमार अटल ने शिविर के दौरान बच्चों को सूक्ष्म व्यायाम के माध्यम से शरीर को सक्रिय रखने के तरीके बताए। इसके बाद योगिंग-जॉगिंग, प्राणायाम के अंतर्गत भस्त्रिका, कपालभाति और अनुलोम-विलोम का अभ्यास कराया गया।

साथ ही ताड़ासन, वृक्षासन, मंडूकासन, गौमुखासन, सिंहासन, हास्यासन सहित विभिन्न योगासन करवाए गए। ध्यान, भ्रामरी, उद्गीत और नॉवली जैसे अभ्यासों के माध्यम से मानसिक शांति और एकाग्रता के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

### बच्चों में योग के प्रति रुचि बढ़ाना रहा उद्देश्य

शिविर के दौरान योगाचार्य ने विद्यार्थियों को संतुलित खान-पान, स्वस्थ रहन-सहन और नैतिक शिक्षा के महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित योग अभ्यास से शरीर स्वस्थ और मन प्रसन्न रहता है, जिससे पढ़ाई और दैनिक जीवन में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बैगलेस डे के अवसर पर आयोजित इस योग शिविर का उद्देश्य बच्चों में योग के प्रति रुचि बढ़ाना और घर-घर योग, हर व्यक्ति योग के संदेश को आगे बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया गया।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस कमेटी का विस्तार, गुरूर के तामेश्वर बने जिला उपाध्यक्ष



**गुरूर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कॉंग्रेस कमेटी बालोद की जिला कार्यकारिणी का विस्तार होली त्यौहार के अवसर पर किया गया। जिसमें गुरुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी गुरूर तामेश्वर साहू को नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया और साथ ही साथ क्षेत्र के संजयप्रकाश चौधरी को जिला महामंत्री, जितेंद्र कुमार यादव को जिलामहामंत्री, सचिव हलालखोर कुंजाम, सचिव कुलेश्वरी गावड़े, सचिव राकेश सोनबेर, सचिवयशवंतपूरी गोस्वामी, कार्यकारिणी सदस्य महिमा साहू बनाया गया। इस अवसर पर संजारी बालोद गुरूर विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैय्याराम सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष डा. किशोर साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष दुर्गुराम सिन्हा, पूर्व जिला पंचायत सभापति केदार देवांगन, विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत गुरूर टोमन लाल साहू, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष बालोद बसंत सोनबेर, ब्लॉक महामंत्री सादिक अली, धनुष साहू, सुमित राजपूत, हिमांशु लावत्रे, भुवनेश्वर ठाकुर, सोनिया साहू एवं क्षेत्र के समस्त कार्यकर्ताओं ने सभी नवनियुक्त जिला कॉंग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों हर्श व्यक्त किया।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिलेभर में होगा महतारी सम्मेलन

**बालोद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार रविवार 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले के प्रत्येक परियोजनाओं में महतारी सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इसके अंतर्गत बालोद जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुण्डरदेही में वृहद महतारी सम्मेलन कार्यक्रम प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय वृहद महतारी सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअल रूप से शामिल होकर महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे। कार्यक्रम में गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य जांच के अलावा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त महिलाओं का एनीमिया जांच तथा महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान भी किया जाएगा।

### नीति आयोग के उपाध्यक्ष से मुलाकात

**डोंगरगढ़।** पूर्व आईएएस एवं भाजपा नेता गणेश शंकर मिश्रा ने गत दिनों नीति आयोग उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर उपस्थित होकर उन्हें बधाई दी।

## पर्व : अंडा क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मनी होली उत्सव

# पर्व में बुजुर्गों व युवाओं ने नगाड़े बजाकर किया पारंपरिक नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अंडा क्षेत्र में इस वर्ष होली का पर्व बड़े ही उत्साह और शांति के साथ मनाया गया। गांव में बुजुर्गों और युवाओं ने मिलकर पारंपरिक नगाड़ा बजाते हुए नृत्य किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

पूरे क्षेत्र में भाईचारे और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। ग्राम निकुम, रूदा, भोथली, झोला, अछोटी, तिरगा, झोला, विनायकपुर, भरदा, कोनारी, जंजगिरी, सिरसिदा, परसदा, ओटेबंद, खप्परवाडा, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, चंदखुरी, कुथरेल सहित आसपास के अन्य गांवों में भी होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी गांवों में ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से शांतिपूर्ण वातावरण में उत्सव को संपन्न किया।



**बैंक अध्यक्ष ने भी बजाया नगाड़ा**

इस अवसर पर दुर्ग जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने अपने गृह ग्राम तिरगा में ग्रामीणों के साथ नगाड़ा बजाकर होली उत्सव में सहभागिता निभाई। उन्होंने ग्रामवासियों को होली की बधाई देते हुए आपसी प्रेम और एकता बनाए रखने का संदेश दिया। बुजुर्गों ने डंडा नृत्य कर गांव की सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत कर दिया। युवाओं ने भी उनका उत्साह बढ़ाया और पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।



**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवराज देशमुख, राजेश्वर देशमुख, बलराम देशमुख, चंदू देशमुख, पोषण देशमुख, विजय बेलचंदन, अशोक देशमुख, लोकनाथ दिल्लीवार, परमानंद तिवारी, लक्ष्मण ठाकुर, दयाराम दिल्लीवार, टीकू दिल्लीवार, ललित देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। होली उत्सव के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और पूरा आयोजन शांति व सौहार्द के साथ संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के पर्व समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं।

### शांतिपूर्ण माहौल में मनी होली, दिखा भाईचारा



**अंडा।** ग्राम चिंगरी दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में इस वर्ष होली का पर्व शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। गांव में सुबह से ही रंग-गुलाल की धूम रही। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। गांव के चौपाल और प्रमुख स्थानों पर लोग एकत्रित हुए, जहां सभी ने मिलकर होली के गीत गाए और खुशियां बांटी। बुजुर्गों ने युवाओं को परंपरा और संस्कृति का महत्व समझाते हुए त्योहार को मर्यादित और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की बात कही। इस दौरान पूरे गांव में शांति और सौहार्द का वातावरण बना रहा। कहीं भी किसी प्रकार की विवाद या अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। ग्रामीणों ने बताया कि होली आपसी मतभेद भुलाकर गले मिलने और रिश्तों को मजबूत करने का पर्व है। त्यौहार के अवसर पर कई घरों में विशेष व्यंजन भी बनाए गए और लोगों ने एक-दूसरे के यहां जाकर शुभकामनाएं दीं। कुल मिलाकर दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में इस वर्ष की होली शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ संपन्न हुई, जिसने समाज में एकता और प्रेम का संदेश दिया।

### मुढ़िया में मना शहीद गैन्दसिंह नायक का शहादत दिवस



**बालोद।** मुढ़िया में शहीद शिरोमणि गैन्दसिंह नायक का शहादत दिवस अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज द्वारा कलश यात्र निकालकर बाजे गाजे के साथ गांव में भ्रमण किया गया। साथ ही रंगोत्सव का भी आयोजन हुआ। जहां मां दंतेश्वरी की आरती एवं ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत मुढ़िया हरेश कुमार कौशिक थे। अध्यक्षता ग्राम प्रबंधक आदिवासी समाज मुढ़िया नरोत्तम सिंह रावटे ने किया। विशेष अतिथि सदस्य न्याय समिति अखिल भारतीय हल्बा आदिवासी समाज छग केन्द्रीय महासभा एवं संपादक बिहाव मड़वा ईश्वर लाल भुआर्य, सदस्य जनपद पंचायत डौण्डी लोहारा भूपेश नायक, ग्राम पटेल मुढ़िया भंगी राम भुआर्य एवं रात्रि डोमर सिंह कुंवर कृत नाचा पार्टी मयारू मोर का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह जानकारी शिव कुमार सिन्हा के द्वारा दिया गया है।

**छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ ने पेंशन भवन शिकारीपारा में मनाया होली मिलन और की मासिक बैठक**

# पेंशनधारियों ने मनाया होली मिलन समारोह गुलाल और फाग गीतों में मना उत्सव







**बालोद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के पेंशनरों का होली मिलन समारोह सह मासिक बैठक का आयोजन पेंशन भवन शिकारीपारा में आयोजित किया गया। होली समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति प्रोफेसर डीआर वैद्य थे। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर टीडी. देवांगन एवं हरीश पटेल मंच में आसीन थे। अध्यक्ष डॉ आरएम चावड़ा ने प्रांतीय स्तर की प्राप्त जानकारी से अवगत कराया। अतिथियों के द्वारा सभी पेंशनरों साथियों को होली की ढेर सारी बधाइयां देते हुए बसंत ऋतु के आगमन, होली पर्व पर अपने विचार व्यक्त किया। पेंशन धारी कल्याण संघ की उपाध्यक्ष बीआर साहू अपनी संगीत मंडली तबला वादक भुनेश्वर विश्वकर्मा, देवेंद्र मानिकपुरी, गोपाल सिंह गहरवार झलमला उपस्थित थे। सभी पेंशनर्स साथी एक दूसरे को गुलाल लगाकर उमंग और उत्साह से फाग गीत में अपनी सहभागिता प्रदान की। बसंत ऋतु के आगमन की सूचना देते हुए हर्षोल्लास के साथ गायक कलाकार ने फाग गीत, गुण्डरदेही अध्यक्ष भगवत प्रसाद ठाकुर का चंदन रोली लगाकर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के अंत में अमर सिंह श्याम सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक लिमोरा को मौन श्रद्धांजलि दी गई। आभार प्रदर्शन बीआर बेलसर ने किया।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में सचिव पुरुषोत्तम देशमुख, कोषाध्यक्ष आईएन योगी, महामंत्री बीआर बेलसर, आरके साहू, भागवत प्रसाद ठाकुर, जगदीश प्रसाद सोनेश्वर, ओंकार प्रसाद मिश्रा, डीआर वैद्य, हरीश पटेल, लखन प्रसाद तिवारी, जितेंद्र कुमार आर्य, बीआर भूआर्य, नीलकंठ साहू, मुरारी लाल साहू, गीता हिरवानी, जय सिंह ठाकुर, मनोहर लाल देशमुख उपस्थित थे।

# चौरडिया परिवार ने बटरेल में किया जंबो होली रंगोली सम्मेलन



**जामगांव आर।** चौरडिया परिवार ने इस वर्ष बटरेल में जंबो होली रंगोली सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें परिवार के चार पीढ़ियों की 80 सदस्यों ने गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराए। इस सम्मेलन में परिवार की बेटी जंवाई खासम खास तौर पर मौजूद रहे।

- चार पीढ़ियों के 80 सदस्य रहे उपस्थित

चौरडिया परिवार जामगांव आर, बटरेल, सुरपा और ओदरागहन में आपसी सामंजस बनाकर होली और दीपावली में संयुक्त रूप से परिवार के सभी सदस्य आपस में आदर सम्मान स्नेह की गंगा बहाते है। विविध मनोरंजन, गुण चौरडिया के कविता पाठ के साथ सामूहिक भोज का आनंद परिवार ने लिया। 6 से 8 दशक पार पूर्व जनपद सदस्य हस्तीमल चौरडिया, समाजसेवी पूनमचंद समाजसेवी गोदावरी बाई, भखारा राल, जैन समाज पूर्व अध्यक्ष गौतमचंद चौरडिया, सरपंच कुसुम बाई चौरडिया परिवार को संस्कारित दिशा देने में महती भूमिका निभा रहे है। परिवार में जामगांव आर भाजपा मंडल पूर्व महामंत्री प्रमोद चौरडिया एवं पूर्व सरपंच जिनेश चौरडिया जैसे युवाओं का सक्रिय भागीदारी है। सम्मेलन में गुण्डरदेही भिलाई में निवास रत परिवार के सदस्य भी शामिल हुए। मां की गोद में भी बच्चे शामिल हुए सम्मेलन में और अबोध उम्र में देखे संयुक्त परिवार का नजारा। पूरे परिवार ने खेले जमकर रंग की होली।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज







